**डेयरी फार्मिंग पर ग्रामीण युवाओं के लिए 05 दिवसीय रोजगारपरक प्रशिक्षण कार्यक्रम**
**(दिनांक 21.09.2026 से 25.09.2026)**

कृषि विज्ञान केन्द्र हस्तिनापुर मे ंदिनांक 21.09.2026 को 05 दिवसीय डेयरी फार्मिंग पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन **दिनांक 21.09.2026 से 25.09.2026 तक किया जा रहा है।** कार्यक्रम की अध्यक्ष डा0 सोनिका ग्रेवाल ने कार्यक्रम की शुरूवात करते हुये कृषकों का पंजीकरण एवं एक प्रश्नोत्तरी परीक्षा का आयोजन किया एवं कार्यक्रम में डा0 ग्रेवाल ने किसानों एवं युवाओं को वैज्ञानिक एवं व्यवसायिक डेयरी फार्मिंग की आधुनिक तकनीकी से अवगत कराया तथा डेयरी व्यवसाय को लाभकारी स्वरोजगार के रूप में कैसे अपनाया जाये, की जानकारी दी। उद्घाटन कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र, के प्रभारी अधिकारी डा0 नवीन चन्द्र द्वारा किसानों को कृषि विज्ञान केन्द्र की गतिविधियों की जानकारी दी गयी तथा उन्हें प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान का उपयोग करते हुये अपना व्यवसाय शुरू करने के प्रेरित किया। डा0 जे0के आर्य ने देशी गायों की संरक्षण की बात कही एवं देशी गायों की प्राकृतिक खेती में महत्वता को बताया। डा0 शुभम आर्य ने पशुओं के चारे के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में श्रीमती विभा साहू, कार्य0 सहा0 ने भी अपना योगदान दिया। इसके उपरांत प्रशिक्षणार्थियों को के0वी0के0 पर स्थित इकाईयों का भ्रमण कराया गया। इस प्रशिक्षण में 20 प्रशिक्षणार्थियों ने पंजीकरण कराया।

